दिनांकः 22.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–**बेटी बचाओ बेटी पढाओ** अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को जारी रखने का फैसला किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में विशेष सजगता और सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।
- संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा–आगामी बजट सत्र में सदन ज्यादा से ज्यादा चलाने का प्रयास किया जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि **बेटी बचाओ बेटी पढाओ** अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अभियान में सभी वर्गों की भागीदारी रही है और स्त्री पुरूष के बीच का अंतर कम हुआ है और बालिकाओं की शिक्षा तथा करियर के लिए उचित वातावरण तैयार हुआ है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के दस साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और बिना किसी भेदभाव के उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं के सपनों को नई उड़ान दे रही है।

--------------

प्रदेश की उपमुख्यमंत्री और महिला बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व बढ़ा है। उन्होंने लिखा कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने महिला कल्याण के लिए बजट में 200 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

योजना के दस वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में प्रदेश में कई कार्यक्रम हुए। चूरू में इस अवसर पर महिलाओं ने वाहन रैली निकाली। बीकानेर में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अगुवाई में वाहन रैली के जरिए बालिका शिक्षा का संदेश दिया गया।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच साल तक जारी रखने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल ने आज नई दिल्ली में मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बैठक के निर्णयों की मीडिया को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तहत कई महत्वपूर्ण लक्ष्य पूरे किये गये हैं।

-------------

मंत्रिमंडल ने किसानों के हित में कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। जूट की एमएसपी करीब छह प्रतिशत बढ़ाई गई है।

000

वित्त वर्ष 2025–26 के बजट के लिए परामर्श और चर्चा की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज एनजीओ, सिविल सोसाइटीज और उपभोक्ता मंचों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने इन क्षेत्रों की योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत समाज के निर्माण में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच बड़ी भूमिका है। इनका समाज पर गहरा प्रभाव होता है और ये राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं।

बैठक में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों ने स्वरोजगार केन्द्र स्थापित करने, नशा मुक्ति केन्द्र खोलने, सिलिकोसिस बीमारी से रोकथाम, गांवों तक योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने,

बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, घुमन्तू वर्गों को संबल देने, बालश्रम की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने और विमंदितों के लिए पुनर्वास गृह बनाने सहित विभिन्न विषयों पर सुझाव दिये।

000

राज्य में कृषि उत्पादों के लिए शुरू की गई एग्री स्टैक योजना और किसानों के लिए पंजीकरण पांच फरवरी से शुरू होगा। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर किसान पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू की समीक्षा करते हुए ये निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित विभागों को मिशन मोड पर काम करने को कहा है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में होने वाली विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में सजगता और सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने आज जयपुर में लोकसेवा आयोग और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से फरवरी में आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रश्न पत्रों की गोपनीयता और सुरक्षा का सबसे ज्यादा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रतियोगी परीक्षाएं पारदर्शिता से करवाने और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने पुलिस को संदिग्ध गतिविधियों की विशेष निगरानी रखने को कहा। साथ ही उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर भी सुरक्षा के खास इंतजाम किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि डमी अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने से रोकने के लिए आवेदन पत्र और अटेंडेन्स शीट पर थंब इम्प्रेशन लेने का नवाचार भी किया गया है।
आरपीएससी की ओर से प्री आरएएस परीक्षा दो फरवरी को ली जाएगी। वहीं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 27 और 28 फरवरी को राजस्थान अध्यापक पात्रता–रीट परीक्षा का आयोजन करेगा।

000

राजस्थान पुलिस की ओर से इन दिनों ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान चलाया जा रहा है। 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत लोगों को साइबर धोखाधड़ी, ठगी, फ्रॉड कॉल्स के लिए जागरुक किया जा रहा है। झालावाड में अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर चोरी हुए मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए। साथ ही साइबर अपराधों से बचने की समझाइश की। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि इन मोबाइलों की बरामदगी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी।

--------------

इसी कड़ी में आज पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन रेल्वे स्टेशन पर आरपीएफ की ओर से यात्रियों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक किया गया।

000

सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जागरुकता के लिए मनाए जाने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आज भी प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम हुए। जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम की आज शुरूआत हुई।
आरपीए के निदेशक एस. सेंगाथिर ने बताया कि इसके तहत प्रशिक्षकों द्वारा सड़क हादसों में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों की पालना पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

--------------

अलवर में सड़क सुरक्षा माह के तहत आज हेलमेट वितरित किये गये। वहीं झालावाड में वाहन जागरुकता रैली निकाली गई। अजमेर में टैक्सी चालकों की आंखों की जांच की गई और जरूरत के अनुसार चश्मों का वितरण किया गया।

000

धौलपुर जिले के मनिया क्षेत्र में आज एक कार और ट्रेक्टर ट्रोली की टक्कर में पचास लोग घायल हो गए। हादसा सुआ के बाघ गांव के पास हाईवे पर हुआ। घायलों को मनिया और धौलपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रेक्टर ट्रोली में सवार लोग खेरागढ़ से ग्वालियर जा रहे थे।

000

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि आगामी बजट सत्र में ये प्रयास किया जाएगा कि सदन ज्यादा से ज्यादा चले। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने विपक्ष से अपनी भूमिका प्रभावी तरीके से निभाने का आह्वान किया। श्री पटेल ने कहा कि विपक्ष को सरकार की स्वस्थ आलोचना के लिए आगे आना चाहिए।

---------------

प्रदेश में ईंट–भट्टों से होने वाले वायु प्रदुषण की रोकथाम के लिए नई तकनीक से सभी ईंट–भट्टों में बदलाव किया जा रहा है। इसके लिए जिग–जैग तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इस तकनीक से बने ईंट–भट्टे परम्परागत भट्टों से बेहतर ताप और अधिक ऊर्जा दक्षता वाले होते हैं। एक रिपोर्ट –

---------------

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देशभर में नशे के बढ़ती समस्या पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने सरकार से नशे के कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। श्री गहलोत ने सोशल मीडिया पोस्ट में राज्य सरकार से श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर और जोधपुर पर विशेष ध्यान देने की मांग की है।

000